भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 439

21 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- इटावा के किसानों को सहायता

439. श्री जितेंद्र दोहरेः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के इटावा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसान बढ़ती हुई कृषि आदान लागत, सिंचाई संबंधी चुनौतियों तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न केंद्रीय कृषि योजनाओं के अंतर्गत इटावा जिले के किसानों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता, बीमा दावों तथा अन्य लाभों का योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इटावा जिले में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि अवसंरचना के विकास, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार तथा भंडारण सुविधाओं के विस्तार के लिए कोई विशेष योजना कार्यान्वित करने का विचार है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ङ): कृषि राज्य का विषय है, और कृषि का विकास, जिसमें आदान (इनपुट) लागत, सिंचाई और प्राकृतिक आपदाओं आदि से संबंधित मुद्दों का समाधान करना शामिल है, मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। भारत सरकार इटावा सहित देशभर में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने आदि के उद्देश्य से केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं और कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। इन योजनाओं में कृषि के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें ऋण, बीमा, आय सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फसलें (बागवानी सहित), बीज, मशीनीकरण, विपणन, जैविक और प्राकृतिक खेती, किसान समूह, सिंचाई, कृषि विस्तार, किसानों से फसलों की खरीद और डिजिटल कृषि शामिल हैं। योजनाओं की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, प्रधान मंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई), कृषोन्नति योजना (केवाई), प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) और प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत इटावा जिले को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा **अनुबंध- II** में है।

भारत सरकार की कृषि और किसान कल्याण से संबंधित सभी योजनाएं मांग-आधारित हैं और राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार इटावा जिले सहित देश के सभी जिलों में लागू की जाती हैं।

अनुबंध- I

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाएँ और कार्यक्रम

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
4. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) / पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
5. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस)
6. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
7. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - ऑयल पाम
8. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - तिलहन
9. दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन
10. राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (एनएमएनएफ)
11. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
12. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
13. कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम)
14. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
15. डिजिटल कृषि मिशन
16. राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम)
17. उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
18. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एसएच एंड एफ)
19. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
20. प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी)
21. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (आरकेवीवाई-डीपीआर)
22. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
23. वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी)
24. राष्ट्रीय मखाना बोर्ड
25. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)
26. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों का गठन और प्रोत्साहन (एफपीओ)
27. एग्रीकल्चर फंड फॉर स्टार्ट-अप्स एंड रूरल एंटरप्राइजेज (एग्रीश्योर)
28. एकीकृत कृषि विपणन योजना (आईएसएएम)
29. पीएम धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई)
30. कृषि वानिकी

अनुबंध- II

पीएम-आरकेवीवाई, केवाई, पीएमएफबीवाई और पीएम-किसान के तहत इटावा जिले को प्रदान की गई वित्तीय सहायता

(रुपये करोड़ में)

क्रम संख्या	**केंद्रीय कृषि योजना का नाम**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**कुल**
1	प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)	108.94	110.12	116.40	335.46
2	पीएम-आरकेवीवाई और केवाई (सभी घटक)	11.85	8.99	9.55	30.40
3	प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)	1.16	1.70	1.52	4.38
	कुल	**121.95**	**120.81**	**127.47**	**370.24**

एआईएफ योजना के तहत इटावा जिले में निर्मित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विवरण निम्नलिखित है:

पिछले तीन वर्षों के दौरान एआईएफ योजना के तहत इटावा जिले के लिए स्वीकृत परियोजनाओं और स्वीकृत राशि का विवरण		
वित्तीय वर्ष	**स्वीकृत परियोजनाओं की कुल संख्या**	**स्वीकृत राशि (करोड़ में)**
2023-24	14	12.48
2024-25	39	31.31
2025-26	42	25.87
कुल	**95**	**69.66**

*****